नकली नोटों की तस्करी करते तीन गिरफ्तार, एक लाख 92 हजार रुपए सहित कार जब्त, तस्करी में शामिल है जबलपुर का शातिर अपराधी

सतना। मैहर-जबलपुर मार्ग से पुलिस ने नकली नोटों की तस्करी करने वाली गैंग को पकड़ा है। गैंग में जबलपुर का कुख्यात बदमाश भी शामिल है। आरोपियों के कब्जे से एक लाश 92 हजार 600 रुपए के नकली नोट जब्त किए गए हैं साथ ही एक कार बरामद की गई है। इस मामले में मैहर थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 774/23 धारा 389-ए का कायम कर विवेचना में लिया है। गिरफ्तार तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है जबकि एक अन्य फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

Source: https://www.swadeshnews.in/satna/fakecurruncycaughtbysatnapolice-875920